दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 64
मुरादाबाद
24 June 2025
(Tuesday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## जनता दर्शन में आए लोगों से मिले सीएम, कहा- नागरिक सुरक्षा हमारी प्राथमिकता; बच्चों को दी चॉकलेट

### स्कूल जाना चाहती हूं... मेरा एडमिशन करा दीजिए, जनता दर्शन में बोली बच्ची, बात सुन मुस्कुरा उठे सीएम योगी



सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर जनता दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग जिलों से आए लोगों की शिकायतें सुनीं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को %जनता दर्शन% किया। इस दौरान यहां प्रदेश भर से लगभग 65 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचे, समस्या सुनी, प्रार्थना पत्र लिया और उन्हें अहसास कराया कि हर समस्या में सरकार साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हर नागरिक की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सरकार की पहली प्राथमिकता है। सरकार विगत 8 वर्ष से इसी उद्देश्य से कार्य कर रही है। अधिकारियों को निर्देश- हर पीड़ित की समस्या पर करें तत्काल कार्रवाई जनता दर्शन में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, शिक्षा, आवास, आंगनबाड़ी, कब्जा आदि से जुड़े अनेक मामले आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता की समस्या सुनते हुए सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। बच्चों को दुलारा, चॉकलेट भी दी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने %जनता दर्शन% में आए बच्चों को दुलार किया। उन्होंने बच्चों से बातें कीं, पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। सीएम योगी ने चॉकलेट-टॉफी प्रदान कर बच्चों को उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।जनता दर्शन% में एक नन्हीं बच्ची का अंदाज देख सीएम योगी मुस्कुरा उठे। बच्ची ने सीएम से कहा कि मैं स्कूल जाना चाहती हूं। आप मेरा एडमिशन करा दीजिए। बच्ची की हाजिर जवाबी से मौजूद लोगों ने उसकी सराहना की।राजधानी लखनऊ में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर %जनता दर्शन% किया। इस दौरान मुरादाबाद से वाची नाम की नन्हीं बच्ची अपनी बात लेकर मुख्यमंत्री के पास पहुंची। फरियाद सुनते हुए जब मुख्यमंत्री इस बच्ची के पास पहुंचे तो सबसे पहले उसका हाल पूछा। फिर उसका भी प्रार्थना पत्र लिया और पढ़ा। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाची से पूछा तू, स्कूल नहीं जाना चाहती है। इस पर बच्ची ने कहा कि %नहीं, मैं स्कूल जाना चाहती हूं। मैं यह कह रही हूं कि आप स्कूल में मेरा एडमिशन करा दो%। इस पर मुख्यमंत्री ने पूछा, किस क्लास में... 10वीं या 11वीं में? बच्ची ने तपाक से उत्तर दिया- अरे, मुझे नाम नहीं पता। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद को प्रार्थना पत्र सौंपा। कहा कि इस बच्ची का एडमिशन हर हर हाल में कराओ।

## संक्षिप्त समाचार

### लुधियाना पश्चिम उपचुनाव जीती आप- संजीव अरोड़ा की जीत के बाद सवाल... केजरीवाल या सिसोदिया, कौन जाएगा राज्यसभा

लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर 19 जून को उपचुनाव हुआ था। आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत गोगी बस्सी का जनवरी में देहांत हो गया था। जिसके बाद सीट खाली हो गई थी। पार्टी ने राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को मैदान में उतारा था। लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में आम आदमी पार्टी जीत गई है। आप के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने पहले राउंड से बढ़त बनाए रखी जो आखिरी राउंड तक कायम रही। कांग्रेस के भारत भूषण आशु दूसरे नंबर पर रहे। भाजपा के जीवन गुप्ता को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। 10 हजार 637 वोटों से जीते अरोड़ा उपचुनाव में आप को 35179 वोट मिले। कांग्रेस के भारत भूषण आशु को 24542 मत मिले। भाजपा के जीवन गुप्ता को 20323 वोट मिले। शिअद के परउपकार सिंह घुम्मण 8203 वोट ही ले पाए। वहीं 793 लोगों ने नोटा का बटन दबाया। लुधियाना पश्चिम उपचुनाव को विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा था। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल, पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस चुनाव में खुद कमान संभाली थी। खाली हुई राज्यसभा सीट- संजीव अरोड़ा के जीतने के बाद राज्यसभा की एक सीट खाली हो गई है। साथ ही आप के वरिष्ठ नेता का राज्यसभा में जाने का रास्ता भी साफ हो जाएगा। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि पंजाब से राज्यसभा सीट खाली होने के बाद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल या

## नए भाजपा अध्यक्ष को लेकर लग रहीं अटकलों के बीच संघ की बड़ी बैठक, मोहन भागवत भी पहुंचेंगे दिल्ली



संघ शिक्षा वर्ग की समाप्ति के बाद होने वाली इस बैठक में संघ प्रमुख के अगले वर्ष की यात्राओं पर भी विचार किया जाता है। संघ के दिल्ली मुख्यालय में होने वाली इस बैठक में सभी प्रान्त प्रचारक और क्षेत्र प्रचारक उपस्थित होंगे। भाजपा को नया अध्यक्ष कब मिलेगा, इस पर अटकलों का बाजार गर्म है। इन अटकलों के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की एक बड़ी बैठक दिल्ली में बुलाई गई है। यह बैठक 4-6 जुलाई के बीच देश की राजधानी दिल्ली में होगी। इस बैठक में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी उपस्थित होंगे। वे इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए 28 जून को दिल्ली पहुंचेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने एक बयान जारी कर कहा है कि यह प्रतिवर्ष होने वाली एक बैठक है जिसमें अगले वर्ष संघ के कार्यों की एक रूपरेखा बनाई जाती है। संघ शिक्षा वर्ग की समाप्ति के बाद होने वाली इस बैठक में संघ प्रमुख के अगले वर्ष की यात्राओं पर भी विचार किया जाता है। संघ के दिल्ली मुख्यालय में होने वाली इस बैठक में सभी प्रान्त प्रचारक और क्षेत्र प्रचारक उपस्थित होंगे। संघ इस वर्ष अपना जन्मशताब्दी वर्ष भी मना रहा है। इसके हेतु भी पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रमों की एक रूपरेखा बनाई गई है। इस बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर भी विचार किया जाएगा। संघ शताब्दी वर्ष ( 2025-26) के कार्यक्रम आगामी विजयादशमी दो अक्तूबर 2025 से प्रारंभ होकर अगले वर्ष विजयादशमी 2026 तक चलेंगे। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के अलावा, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, सीआर मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त, आलोक कुमार, अतुल लिमये सहित सभी अखिल भारतीय कार्य विभाग प्रमुख, सह प्रमुख एवं कार्यकारिणी के सदस्य बैठक में भाग लेने वाले हैं।

## तेज प्रताप यादव बोले- मेरी जान को खतरा, नीतीश सरकार सुरक्षा बढ़ाए; अन्याय की बात कर दे डाली चुनौती



राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने पार्टी-परिवार से निकाले जाने के बाद पहली बार खुलकर बात की है। तेज प्रताप ने अपनी जान पर खतरा बताया है। राज्य की नीतीश सरकार से सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और हसनपुर के राष्ट्रीय जनता दल के विधायक तेज प्रताप यादव को अपनी जान पर खतरा नजर आ रहा है। उन्होंने नीतीश कुमार सरकार से मांग की है कि वह उनकी सुरक्षा बढ़ाए। तेज प्रताप यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का एलान किया। अपने साथ हुए अन्याय और बिहार चुनाव के लिए अपनी तैयारी तक %गर्लफ्रेंड कांड% के बाद पहली बार विस्तार से पहली बार बात की। तेज प्रताप ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि फ्जिस तरह का पिछले दिनों प्रकरण सामने आया, उसमें चार-पांच लोगों के माध्यम से साजिश करके मुझे पार्टी से बाहर निकाला गया। यह पूरे बाहर की जनता ने देखा है, देश की जनता ने देखा है। जनता जानती है कि किस तरह का मेरा स्वभाव है और कैसे हम लोगों में घुलमिल जाते हैं। इसी का फायदा उठाकर राजद में बैठे चार-पांच लोगों ने मुझे पूरी तरह से अकेला करने के लिए यह खेल किया। तेज प्रताप यादव ने कहा कि चार-पांच लोग साजिश कर मुझे दबाना चाहते हैं। मैं दबने वाला आदमी नहीं हूं। हम चुनौती देते हैं। हम जनता के बीच जाएंगे। जनता न्याय करेगी। वह चार-पांच लोग जो बैठे हैं, वह अन्याय करते रहेंगे- ऐसा नहीं संभव है। मेरे निजी जीवन के बारे में लोगों ने उंगली उठाई, हस्तक्षेप किया। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता ने देखा है। जनता ही न्याय करेगी। जिसको हमसे खतरा है वह हमसे फरिया लेगा। ज्यादा हमको दबाएगा तो न्यायालय का सहारा लेंगे। तेज प्रताप ने अपने दुश्मनों को चुनौती दी, लेकिन साथ-साथ अपनी जान पर खतरा भी बताया। उन्होंने कहा-

हम अभी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हम सरकार से भी कहना चाहते हैं कि मेरी सुरक्षा बढ़ाई जाए। हमारे दुश्मन हर तरफ से लगे हुए हैं। हर तरफ से खतरा है। जान के ऊपर खतरा है। हमारा स्टैंड क्लियर है। हम अपने स्टैंड से पीछे नहीं हटेंगे। जो चार-पांच लोग मेरे जीवन को बर्बाद किए हैं और निजी जीवन को उजागर किए है, मैं उन लोगों को नहीं छोडूंगा। बख्शने वाला नहीं हूं।

## सपा ने तीन विधायकों को पार्टी से निकाला... राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह और मनोज कुमार पांडेय पर बड़ा एक्शन



समाजवादी पार्टी ने गोसाईंगंज से विधायक अभय सिंह, गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह और ऊंचाहार से विधायक मनोज कुमार पांडेय को निकाल दिया है। इन विधायकों पर सांप्रदायिक और विभाजनकारी सियासत को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसान विरोधी, महिला विरोधी, युवा विरोधी और व्यापार विरोधी नीतियों का समर्थन करने का आरोप है।समाजवादी पार्टी (सपा) ने तीन विधायकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सपा ने तीन विधायकों को पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी ने विधायक राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह और मनोज कुमार पांडेय पर कार्रवाई की है। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी ने जानकारी दी है कि विधायक अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और मनोज कुमार पांडेय को उनकी सांप्रदायिक विभाजनकारी नकारात्मकता और किसान विरोधी, महिला विरोधी, युवा विरोधी, कारोबारी विरोधी , नौकरीपेशा विरोधी और %पीडीए विरोधी% विचारधारा का समर्थन करने के कारण निष्कासित कर दिया।गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह, गौरीगंज सीट से विधायक राकेश प्रताप सिंह और ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज कुमार पाण्डेय पर समाजवादी पार्टी ने एक्शन लिया है। पोस्ट में लिखा है कि इन लोगों को हृदय परिवर्तन के लिए दी गई 'अनुग्रह-अवधि' की समय-सीमा अब पूरी हुई, शेष की समय-सीमा अच्छे व्यवहार के कारण शेष है। भविष्य में भी 'जन-विरोधी' लोगों के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं होगा और पार्टी के मूल विचार की विरोधी गतिविधियां सदैव अक्षम्य मानी जाएंगी। जहां रहें, विश्वसनीय रहें। समाजवादी सौहार्दपूर्ण सकारात्मक विचारधारा की राजनीति के विपरीत साम्प्रदायिक विभाजनकारी नकारात्मकता व किसान, महिला, युवा, कारोबारी, नौकरीपेशा और 'पीडीए विरोधी' विचारधारा का साथ देने के कारण, समाजवादी पार्टी जनहित में निम्नांकित विधायकों को पार्टी से निष्कासित करती है्मनोज पांडेय के घर गए थे अमित शाह मनोज पांडेय रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ी थी। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद से वह भाजपा के खेमे में आ गए थे। लोकसभा चुनाव के पहले रायबरेली सीट से इस बात के भी संकेत मिल रहे थे कि हो सकता है कि मनोज पांडेय को ही टिकट दे दिया जाए। बाद में दिनेश प्रताप सिंह को रायबरेली से टिकट मिला। खास बात यह रही कि मनोज पांडेय ने दिनेश प्रताप सिंह की सभाओं से दूरी बनाई थी। उनकी नाराजगी को भांपकर गृहमंत्री अमित शाह उनसे मिलने के लिए घर गए थे। इसके बाद वह चुनाव प्रचार के लिए निकले थे।

## संपादकीय Editorial

# Praiseworthy or condemnable

Personal resolutions getting impatient in politics weaken the concept of nation building. The irony is that our federal structure itself erects walls of politics and in the search of double engine governments we sometimes become rich and sometimes poor. Two years ago, the disaster was measured from heart to mind, and from Shimla to Delhi and finally the state estimated ten thousand crores to heal the wounds of the disaster and waited for the relief of 9020 crores with documents, but the mood changes and the faraway turns of Delhi read our pain very carefully. Now if the letter for relief amount of 2006 crores has come down to a compromise of harmony, then we have to say thank you. Himachal must have had some bitter experiences on the path of relations, which give the state government an opportunity to complain to the central budget. In any case, the disaster does not see where the pain is of the BJP and where is of the Congress. Justice cannot be achieved by considering it as 'pain of others'. Here the doors of waiting became small, so the journey of relief also moved slowly at a snail's pace, but in the interest of the state, if not completely, it will give some relief to the heart filled with pain. Even though this amount is less in the desired bowl of relief, but it is necessary that now talk of applying ointment should be done. That is why BJP spokesperson Randhir Sharma brought the full account, brought the voice of the vote of thanks. The honest contribution of the Center's money in Himachal's budget has been admirable for years and that is why the status of special state gave the backward lines here a chance to recover in the progressive map, but now the relief funds of disaster are decided by goons or dacoits. How long will this continue that floods remain ours and prosperity from water remains the wealth of the country. Self-reliance stops, when the hill state does not get its economic rights. The stove of politics remains hot even in the game of water. We are seeing rotis being baked on this stove near the Shanan Power Project. The same old burnt rotis are starving the Himachalis of their rights in Punjab reorganization even after half a century. The water cess file is hanging on the cross, so why not call the political bloodshed condemnable. Well, money is money, now it should be recorded in this confession that at least the heart melted. Melting of political heart is also a relief. Meanwhile, on Wednesday night, suddenly a discussion of a resignation flashed in the social media. While confirming the information, former MLA Neeraj Bharti was measuring the instability of his father and minister Chaudhary Chandra Kumar's position, but when the heart of the morning of politics melted, the matter was over. How easy political compromises are. What we consider to be unthinkable is an argument for them, a way of working. That is why an earthquake kept heating up the streets of Paonta Sahib, but the storm of a social issue took a political form. Now the question is whether the political form of Himachal was right in the investigation of Paonta or will it be considered right by the 'weight' of the amount received in disaster relief on the harmony of the Center. Whatever it may be, the platforms of political courts are getting out of control. The debt of political duty is now making the public bow down. The movies that they are watching in the context of political victory and defeat are creating a permanent feeling of despair. In the display of the feeling of who is condemnable and who is praiseworthy, the country is losing the trust of its people.

# Thoughts: Importance of India in an ageing world, the number of elderly people is constantly increasing in the country

At present, the percentage of people above 60 years of age in the country's population is 9.5. In 2036, the population of such people will increase to 13.9 percent. The fourth report is from the United Nations Population Fund (UNFPA). It has been said that in the next 25 years, the share of people above 60 years of age in India's population will reach 20.8 percent. The notification for the 16th census in the country has been issued. This will be the first census in the country, where the data will be collected on a digital basis and not with pen and paper. This census, which will be conducted after 2011, will also include caste count. This census will give a clear picture of poverty, education, income of people, sex ratio, caste, creed, rich-poverty, young-old etc. in India. We are still a young country, but the recent reports related to sex ratio in the country assess the increasing population of elderly people in the country. Attention should be paid to this. The first report has been published in a journal called Places. Its data shows that today every fourth-fifth elderly person in India is struggling with problems like loss of memory, not being able to use language properly, weakening of the ability to think and understand and take decisions. The second report has been released by the State Bank of India. According to this, the average age of India's working population will increase from 24 years in 2021 to 28-29 years in 2026. Today, the average working age in China is 39.5 years. Whereas in Europe it is 42 years, in North America it is 38 and in Asia it is 32 years. At the global level, this average age has been recorded as 30.4 years. The SBI report indicates that the population of children between zero and fourteen years is declining in India. Their population which was 36.4 crores in 1991 is going to decrease to 34 crores in 2026. Their share in the population which was 37 percent in 1991 will decrease to 24.3 percent in the year 2026. Thus, the population of people above 60 years of age has doubled in the last two and a half decades. This means that the elderly population which was 7.9 crores in 2001 will increase to around 15 crores in the year 2026. These will include 7.7 crore men and 7.3 crore women. Similarly, the working population of the country which was 58.6 crores in the year 2001 is estimated to increase to 91 crores in 2026. It is believed that in the next census, 67 percent of the total population of the country will be of working people. In this context, the third report has been published by the Ministry of Statistics of the Central Government. It shows that by 2036, the population of children and adolescents will decline in the country and the number of elderly and middle-aged people will increase. According to this report, the share of children below 15 years of age in the population was 26.2 percent in 2021, but it will decrease to 20.6 percent in 2026. The share of people in the age group of 35-49 in the population was 19.1 percent in 2021, but the percentage of this age group will increase to 23 percent in 2026. Currently, the percentage of people above 60 years of age in the country's population is 9.5. In 2036, the population of such people will increase to 13.9 percent. The fourth report is from the United Nations Population Fund (UNFPA). It says that in the next 25 years, the share of people above 60 years of age in India's population will reach 20.8 percent. That is, every fifth person in the country will be in the category of elderly. Between 2024-2050, the country's total population will increase by only 18 percent, but the elderly population will increase by 134 percent. According to this report, the elderly population in India was 14.9 crores by 2022-2023. That is, their share in the total population was 10.5 percent. In this way, 16 elderly people are dependent on 100 working people in the country. Due to this, there is a possibility of the balance between working youth and elderly people getting disturbed in the country. Recently, the latest demographic report of the United Nations has revealed that by the end of 2025, India's population will reach the highest in the world at 1.46 billion. This report indicates major changes in the country's population structure, fertility and life expectancy in the future. The essence of the above reports is that if the number of elderly people is increasing in India, then at present the number of working young men and women is also increasing in a much greater proportion than that. Today, the birth rate and population growth rate in BRICS countries are decreasing year after year. In countries like Japan, France, Germany, Australia and Britain, the rate of population growth has almost become zero. Undoubtedly, in future the number of elderly people will increase and the working population will keep decreasing. Due to this, their production will automatically decrease. In future, India will be prominent among those countries where the working young population will be the highest. For the developed India that Prime Minister Modi is envisioning by 2047, if the energy, power, enthusiasm and capability of the youth will be useful for the country, then in the same proportion the experience of the senior citizens will also act as a guide in the construction of India. Nevertheless, today's need is that along with a better future for the youth, there should also be arrangements for socio-economic security for the senior citizens.

# Opinion: America-Pakistan together again, India will have to gear up for a long diplomatic and military battle

If Trump is to be believed, he invited Munir to America to thank him because Pakistan refrained from going to war with India. Trump praised Munir's alleged wisdom and compared him to Indian Prime Minister Narendra Modi and said that due to the maturity of both, America prevented a nuclear war in South Asia. Karl Marx had said, 'History repeats itself - first as tragedy and then as farce.' By inviting Pakistani Army Chief and Field Marshal General Asim Munir, who had a hardline jihadi mindset, to dinner at the White House, US President Donald Trump made Marx's statement relevant by offering deep strategic coordination with Pakistan. In 1980-88, US President Ronald Reagan had embraced the then Pakistani dictator General Zia-ul-Haq. Then President George W. Bush also embraced General Pervez Musharraf. Has the third chapter of this dangerous game, played every 20 years, begun now? Munir is not the formal head of state of Pakistan, but enjoys the same status as General Zia and Musharraf. The US is trying to bring Pakistan closer to it afresh on the basis of geopolitical arguments that have been presented in the past. Reagan needed Zia because he wanted to push the Soviet Union back from Afghanistan, Pakistan's neighbouring country. The US needed Mujahideen to fight as its allies. Pakistan provided them. Zia himself was of a jihadi nature. At one time, he had called for jihad against India with the intention of capturing Kashmir. The US had ignored it then because its aim was to fight communism. Like Reagan, Bush also used Pakistan to bring about change in Afghanistan by giving billions of dollars of economic and military aid to Musharraf. Then America had to topple the government of the fanatic jihadi Taliban, which had sheltered Osama bin Laden, responsible for the 9/11 attacks in America. Pakistan, armed with America's money and weapons, proved its usefulness both times, but also played a double game. It spread jihadi poison in South Asia while keeping America happy to some extent. Tired of this hypocrisy, Trump completely stopped military aid to Pakistan in his first term. Trump, who called Pakistan a 'liar and cheater' in 2018, is praising it today. Actually, there has been such a turn in world politics again, when America needs Pakistan to achieve its geopolitical goals. That is why it is wooing it. America's closest ally Israel has attacked Pakistan's neighbor Iran. The ultimate objective of this attack is a coup in Tehran. Trump discussed Iran in his meeting with Munir and also said that Pakistan "agrees with me" on this issue. The US feels that Sunni Pakistan can be used as a front line to end the dictatorship of the supreme leader like Ayatollah Ali Khamenei in Shia Iran. The US also praised Pakistan for becoming Washington's "unprecedented partner" in catching and killing Islamic State terrorists on the Afghan-Pakistan border. India fears that due to all this, America may overlook Pakistan's barbaric terrorist acts like Pahalgam. Although Trump promises support to India's anti-terror campaign and wants to bring India closer to face the challenge of China, it is clear that the strategy of superpowers is not limited to the interests of one country. At present, Washington's main goal is to bring about change in Iran and deal with the Islamic State which is waiting to attack America. If Munir makes a deal with Trump and Pakistan starts taking military material and economic benefits from America again, then America can also take Pakistan out of the shadow of China. America's strategic goal is broad and multidimensional, which does not seem to match India's national security interests. If America succeeds in getting Pakistan out of the clutches of China, then it will be beneficial for India, but if Pakistan dares to carry out heinous jihadi attacks like Pahalgam in India by taking refuge in America, then it will increase the danger to India. If Trump is to be believed, he invited Munir to America to thank him because Pakistan refrained from going to war with India. Trump praised Munir's alleged wisdom and equated him with Indian Prime Minister Narendra Modi and said that due to the maturity of both, America prevented a nuclear war in South Asia. To refute such baseless claims, Modi said clearly in a phone conversation with Trump that India does not accept the mediation of any country on Kashmir. At the G-7 summit in Canada, Modi focused everyone's attention on the root of terrorism and criticized the double standards of developed countries on terrorism. He also said that developed countries 'impose economic sanctions on any country, but reward countries that openly support terrorism.' The difference between terrorism and terrorism is a selfish thinking. Because of this, the world community has not been able to control the problem of terrorism. India will have to keep trying to expose the terrorist face of Pakistan and keep it under control. India will have to face a long diplomatic-military war. We will have to gear up for this because the well-known double standard of the superpowers and the sell-out attitude of Pakistan make it clear that there are limits to international cooperation in curbing terrorism.

# बिजली गिरने से महिला की मौत, बैल भी मरा

### ग्राम मानपुर मुजफ्फरपुर में बैलगाड़ी से चारा लेने गए था परिवार

मुरादाबाद- ग्राम मानपुर मुजफ्फरपुर में किसान का परिवार बैलगाड़ी से चारा लेने गए थे। दोपहर 12ः00 बजे धमाके के साथ आकाशीय गिरने से किसान की पत्नी व एक बैल की मौत हो गई। बैलगाड़ी में सवार बेटा, छोटे भाई की पत्नी व एक अन्य महिला झुलस गए। गंभीर रूप से घायल महिला व एक युवक का मुरादाबाद कासमॉस अस्पताल में उपचार चल रहा है। जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर मुजफ्फरपुर निवासी अफसर अली की पत्नी सलमा(45) बेटे आरिफ, देवरानी साबरी पत्नी आलम के साथ बैलगाड़ी से चारा लेने गई थी। उनके साथ दो अन्य लोग भी जंगल में थे। अचानक बिजली की गड़गड़ाहट के साथ तेज वर्षा होने पर सभी को घर पहुंचने की जल्दी थी। सभी ने बैलगाड़ी जोड़कर चारा भरना शुरू कर दिया। बैलगाड़ी में सलमा, आरिफ, साबरी, शबाना बैठकर घर के लिए चल दिए। अन्य लोग जंगल में ही रह गए। दोपहर 12ः00 बजे करीब विस्फोट के साथ बिजली बैलगाड़ी पर गिर गई। गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं और युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने सलमा को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल उसके बेटे आरिफ और देवरानी, साबरी और शबाना की हालत बिगड़ने पर मुरादाबाद रैफर कर दिया गया। जहां दोनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इंकार- थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल पहुंचे। उन्होंने मृतका के परिजनों को ढांढस बंधाया और परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास करते हुए उन्हें बताया कि दैवीय आपदा आने पर सरकार से पर्याप्त मुआवजा मिलता है। परिजनों ने मुआवजा लेने से इंकार करते हुए मृतका का पोस्टमार्टम नहीं कराया। इस मौके पर पहुंचे लेखपाल ने इस संबंध में हुई दुर्घटना को अभिलेखों में दर्ज किया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दैवीय आपदा से हुई दुर्घटना में सरकार से मुआवजा चलाया जाता है। भले ही परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराया लेकिन सरकार द्वारा आर्थिक सहायता उन्हें दी जाएगी।



# मस्जिद में तीन भाइयों के साथ इमाम ने की दरिंदगी, पता चलने पर मां-बाप हैरान, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

तीन भाइयों के साथ मस्जिद में दरिंदगी करने वाले इमाम को पुलिस को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पीड़ित की मां ने शिकायत दर्ज करवाई थी। घटना के बाद अन्य परिजन भी हैरान है।मस्जिद में दीनी तालीम हासिल करने वाले मासूमों के साथ दुष्कर्म के आरोपी टांडा निवासी इमाम फरहान उर्फ फैजान को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। इमाम मासूमों को कमरे में बंद कर गलत काम करता था और शिकायत करने पर बच्चों के साथ मारपीट करता था।बच्चों ने परिवार को बताया। बच्चों के पिता की शिकायत दर्ज कराई थी, इसके बाद से इमाम फरार था। पुलिस ने इमाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बीते दिनों नगर के एक मोहल्ला निवासी बच्चों के पिता ने पुलिस को शिकायतीपत्र दिया था। पत्र में कहा था कि उसके तीन मासूम बेटे क्षेत्र की एक मस्जिद में दीनी तालीम के लिए जाते थे।जहां का रामपुर जिले के टांडा निवासी फरहान उर्फ फैजान इमामत करता था। आरोप है कि इमाम तीनों मासूमों को मस्जिद में ही एक कमरे में ले जाता था और कमरा बंद करके तीनों बच्चों के साथ गलत काम करता था। साथ ही किसी से शिकायत करने पर बच्चों के साथ मारपीट करता था और उन्हें जान से मारने की धमकी देता था। पीड़िता ने बताया कि जब बच्चे इमाम की गंदी हरकतों से परेशान हो गए, तो उन्होंने आपबीती अपनी मां को बताई। इस मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपी इमाम के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज किया था। जब से इमाम फरार चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी ने बताया कि रविवार को पुलिस ने आरोपी इमाम को कब्रिस्तान रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोपी गिरफ्तार बिलासपुर की युवती ने युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि ग्राम बहांपुर निवासी राज गौतम ने युवती से नजदीकियां बढ़ा लीं।इसके बाद शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध भी स्थापित कर लिए। जब उसने युवक से शादी करने को कहा तो वह शादी करने से मुकुर गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली। इसके बाद आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है।



# पटना से चंडीगढ़ जा रही स्पेशल ट्रेन के सेकंड एसी कोच में बार-बार हिल रहा था बैग, खोलकर देखा तो निकला नवजात

मुरादाबाद- पटना से चंडीगढ़ जा रही स्पेशल ट्रेन के सेकंड एसी कोच में एक बैग में नवजात मिला है। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और चाइल्ड लाइन की टीम ने उतारकर अस्पताल पहुंचाया। सांस लेने में दिक्कत होने के कारण नवजात को महिला अस्पताल के एसएनसीयू में रखा गया है। पटना से चंडीगढ़ जा रही स्पेशल ट्रेन में किसी ने एक दिन के नवजात को बैग में रखकर छोड़ दिया। ट्रेन के सेकेंड एसी कोच में रखा बैग बार-बार हिला तो यात्रियों ने खोलकर देखा और रेल मदद 139 को फोन किया। इसके बाद मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ व चाइल्ड लाइन की टीम ने बच्चे को बैग से निकाला। उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चे के पेट से जुड़ी नाल तक अलग नहीं की गई थी। डॉक्टरों के मुताबिक पैदा होने के कुछ देर बाद ही किसी ने बच्चे को बैग में बंद कर दिया होगा। अस्पताल में डॉक्टरों ने पेट से नाल को अलग किया। सांस लेने में दिक्कत होने के कारण नवजात को महिला अस्पताल के एसएनसीयू में रखा गया है। बच्चे का वजन 2.5 किलो है और वह पूरे समय पर पैदा हुआ है। यह घटना रेलवे स्टेशनों पर होने वाली चेकिंग की वास्तविकता को भी दर्शाती है। आरपीएफ या जीआरपी को अभी तक यह पता नहीं चला है कि किस स्टेशन पर नवजात को बैग में रखकर ट्रेन में छोड़ा गया। ऐसे में कोई मुकदमा भी दर्ज नहीं हो पाया है। चाइल्ड लाइन के सुपरवाइजर विनीत चौधरी ने बताया कि शनिवार रात एक बजे के बाद ट्रेन मुरादाबाद स्टेशन पर पहुंची थी। आरपीएफ के मैसेज पर वह स्टेशन पर पहुंचे और रेलवे के डॉक्टरों के बुलाकर उनकी देखरेख में बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। नवजात एक माह तक महिला अस्पताल के एसएनसीयू में रहेगा। वहां अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। इसके बाद उसे बाल कल्याण समिति को सौंप दिया जाएगा। 10 स्टेशनों से होते हुए मुरादाबाद पहुंची ट्रेन स्पेशल ट्रेन (04503) शनिवार की सुबह 5ः52 बजे पटना से चलकर आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, वाराणसी, सुल्तानपुर, लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली से होते हुए देर रात 1ः03 बजे मुरादाबाद पहुंची। पुलिस इन स्टेशनों के सीसीटीवी चेक कराएगी। डॉक्टरों को कहना है कि यदि पटना से ही बच्चे को बैग में बंद करके रखा गया होता तो उसका दम घुट जाता है। ऐसे में लखनऊ या उसके नजदीक के किसी स्टेशन पर बच्चे को बैग में रखकर ट्रेन में छोड़ा गया होगा। बच्चों का परित्याग अपराध लेकिन समर्पण वैध -बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अमित कौशल ने बताया कि नवजात को फेंकना या इस तरह छोड़ना अपराध है लेकिन कानूनी प्रक्रिया के तहत बच्चे का समर्पण किया जा सकता है। देश में एकीकृत दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के तहत हजारों नि:संतान दंपती बच्चों को गोद लेने के लिए तैयार बैठे हैं। आपका अनचाहा बच्चा किसी के सूने आंगन की खुशियां बन सकता है। बच्चों का समर्पण करने के लिए बाल कल्याण समिति, वन स्टॉप सेंटर, महिला एवं बाल विकास के किसी भी परियोजना कार्यालय या किसी भी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क किया जा सकता है। चाइल्ड लाइन नंबर 1098 पर संपर्क कर बच्चे के समर्पण की कार्रवाई की जा सकती है। सभी जिलों में अनचाहे नवजातों के समर्पण के लिए पालना केंद्र भी बनाए गए हैं। बच्चे को सांस लेने में कठिनाई हो रही है लेकिन पहले से उसकी हालत में सुधार है। हमारी टीम ने उसे दूध पिलाया। धीरे-धीरे वह ठीक हो जाएगा। बाल कल्याण समिति को हम पूरी जानकारी दे रहे हैं। पहले भी ऐसे मामलों में बच्चों को यहां उपचार दिया जा चुका है।- डॉ. निर्मला पाठक, सीएमएस, महिला अस्पताल



# रेलवे स्टेशन पर अधूरे कार्यों से यात्री परेशान, बारिश से बचना नहीं आसान

रामपुर। अमृत भारत योजना के तहत निर्माणाधीन रामपुर रेलवे स्टेशन का काम दो साल में भी पूरा नहीं हो सका। इसका खामियाजा रामपुर से यात्रा करने वाले यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। प्लेटफॉर्म नंबर दो पर एक टीन शेड की वजह से यात्री धूप में ट्रेन का इंतजार करने को मजबूर हैं।वहीं फुट ओवरब्रिज न बन पाने से यात्री पटरियां पार कर जा रहे हैं जो कि जोखिम भरा है। उस पर अब मानसून आने वाला है और झमाझम बारिश में यात्री भीगते हुए सफर करेंगे। इसके अलावा दिव्यांग यात्रियों के लिए कोई स्वचालित सीढ़ियां न होने से परेशानी अलग से हो रही है।रामपुर में अमृत भारत योजना के तहत रामपुर रेलवे स्टेशन का निर्माण करीब 23 करोड़ से कराया जा रहा है। रेलवे की कार्यदायी संस्था ही इसका निर्माण कर रही है। इस काम को शुरू किए दो साल हो चुके हैं। इन दो सालों में प्लेटफॉर्म नंबर एक को ऊंचा किया गया था। इसके साथ जीआरपी और आरपीएफ थाना, अधिकारियों के भवनों का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन इनमें से अभी तक पूरा एक भी काम नहीं हुआ है। जबकि इसके साथ स्टेशन पर 20 स्ट्रीट लाइटें भी लगाई गई हैं। इस बीच आंधी-बारिश के बाद से काम की चाल धीमी हो गई। काम पूरा न होने के चलते इस समय यात्रियों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। प्लेटफॉर्म नंबर पर एक और दो पर बड़ा सा एक शेड है। इसके नीचे यात्री खुद को बचाते हुए खड़े रहते हैं। जबकि अन्य धूप में खड़े होकर ट्रेनों का इंतजार करते हैं। इसके साथ अभी पानी की टंकियां भी पूरी तरह से ठीक नहीं की गईं हैं। कई टंकियां यहां शोपीस बनी हुईं हैं, इनसे पानी नहीं आ रहा है। साल के शुरुआत में नवाबों के दौर के बने ओवरब्रिज की तोड़फोड़ की गई थी, जिसके बाद कहा गया था कि यहां पर लिफ्ट लगाई जाएगी और दोनों तरफ एक्सलरेटर लगाए जाएंगे, लेकिन छह महीने हो चुके हैं, यहां पर अब तक इस पर काम नहीं हुआ, जिससे यात्री पटरियां पार कर निकल रहे हैं। यहां से महिलाएं भी अपने बच्चों को लेकर दूसरे प्लेटफॉर्म तक जा रही है, जिससे खतरा बना हुआ है। अभी काम चल रहा है, बारिश में कीचड़ होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मेडिकल कॉलेज की अटकी फाइल, शुरू नहीं हुआ काम

रामपुर। जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने का सपना अधूरा रह गया है। कैबिनेट की बैठक में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज को मंजूरी मिली थी, लेकिन चार साल बीतने को हैं, न तो इसके लिए कोई बजट आया और न ही निर्माण की कोई बात बन सकी।इसके निर्माण को लेकर कोई निवेशक भी कदम आगे नहीं बढ़ा पा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि फाइल बनाकर डीएम को दी गई थी, जिसको शासन स्तर पर भेज दिया गया है।

रामपुर में मेडिकल कॉलेज बनने से सबसे बड़ा लाभ गरीब तबके को पहुंचेगा। महंगे इलाज और लंबी दूरी तय कर मरीज को दिखाने जा रहे लोग आसानी से रामपुर के अंदर ही मरीज को दिखा सकेंगे। दो सितंबर 2021 को लखनऊ में हुई कैबिनेट की बैठक में रामपुर में पीपीपी मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेज के निर्माण के प्रस्ताव पर मुहर लगी थी। इसके बाद पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने 2022 में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से बातचीत कर इसका प्रस्ताव रखा था। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग की तत्कालीन विशेष सचिव दुर्गा शक्ति नागपाल ने इसे मंजूरी दे दी थी।

ओपीडी शुरू कर मरीजों को 500 बेड की सुविधा देने के लिए के लिए कहा गया था। निर्माण के लिए जगह चिह्नित करने की योजना बनाई थी, फिर भी जगह की खोजबीन नहीं हो सकी। यह चर्चा हुई कि मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल परिसर को उच्चीकृत कर बनाया जाएगा।

इसके बाद से इस मामले में कोई हलचल नहीं हुई। कुछ दिन उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने भी इस मुद्दे को उठाया था। सीएमओ डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि इसके लिए फाइल डीएम के सुपुर्द कर दी गई थी। वहीं इस फाइल को शासन स्तर तक भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

# पति ने पत्नी को दोस्त के साथ होटल में पकड़ा, चकमा देकर हुए फरार

मुरादाबाद- महिला का पति के दोस्त के साथ प्रेम प्रसंग हो गया। रविवार की शाम प्रेमी महिला को लेकर पाकबड़ा स्थित होटल में पहुंच गया। पति ने पत्नी को दोस्त के संग बाइक पर जाते देखा तो पीछा किया। प्रेमी महिला को लेकर होटल के कमरे में पहुंच गया। महिला का पति दोनों के बाहर निकलने का होटल में बैठकर इंतजार करने लगा। महिला ने कमरे का दरवाजा खोला तो सामने पति खड़ा था। यह देख महिला का प्रेमी कमरे की खिड़की से बराबर के मकान की छत पर कूदकर भाग गया। जबकि पत्नी को पकड़ लिया। जमकर हंगामा होने लगा। पुलिस ने पहुंचकर किसी तरह हंगामा शांत कराया। इसी बीच पति को चकमा देकर पत्नी भी फरार हो गई।थाना मैनाठेर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की हाल ही में शादी हुई है। व्यक्ति का गांव ही एक युवक दोस्त है जो अक्सर उसके घर आता जाता है। घर पर आने जाने से व्यक्ति की पत्नी से युवक की नजदीकी बढ़नी शुरू हो गई और कुछ ही दिन में प्रेम प्रसंग हो गया। रविवार की शाम महिला पति से खरीदारी करने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन पत्नी के निकलते ही पति भी बाइक लेकर कही जाने के लिए चल दिया। जैसे ही वह गांव से निकला तो पत्नी को अपने दोस्त के संग बाइक पर जाते हुए देख लिया। इसके बाद उसने दोनों का पीछा करना शुरू कर दिया। युवक पाकबड़ा क्षेत्र के हाशमपुर गोपाल गांव में स्थित होटल में लेकर महिला को पहुंच गया। महिला का पति भी पीछा करते हुए कुछ लोगों को लेकर होटल में पहुंच गया। दोस्त की बाइक होटल में देख युवक बिफर गया। उसके बाद होटल के रजिस्टर में एंट्री देखी तो दोस्त और पत्नी की आइडी लगी हुई थी। युवक ने होटल स्टॉफ से रूम खोलने के लिए बोला। स्टाफ ने मना कर दिया कि जब कमरे से निकले तब पकड़ लेना। गुस्साए युवक ने वहां पहुंचकर साथियों के साथ जमकर हंगामा करने लगा। हंगामा होता देख लोगों की भारी संख्या जुट गई। हंगामे की सूचना पर डायल 112 पुलिस और थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस की भनक लगते ही महिला का प्रेमी कमरे के दरवाजे से पड़ोस में बने मकान की छत पर कूदकर फरार हो गया। उधर, जैसे ही महिला ने कमरे का दरवाजा खोला तो सामने पति को देख भागने का प्रयास किया, लेकिन पति ने पकड़ लिया। पुलिस महिला के पति से बात कर रही थी, इसी बीच मौका पाकर महिला भी फरार हो गई। पुलिस को मामले का शिकायती पत्र दिया गया है। महिला के प्रेमी की बाइक होटल में ही खड़ी रह गई। बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को रौंदा, संभल के युवक की मौत, ममेरा भाई गंभीर

मुरादाबाद- कपासी पुलिस चौकी के पास कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डिडौली क्षेत्र में कपासी पुलिस चौकी के नजदीक तेज रफ्तार कार के चालक ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में संभल के मनौटा गांव निवासी जितेंद्र (24) की मौत हो गई। जबकि उसका ममेरा भाई पुष्पेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।मामले में पुलिस ने अमरोहा नंबर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक जितेंद्र संभल जनपद के असमोली थानाक्षेत्र के मनौटा गांव में रहने वाले किसान रमेश सिंह का बेटा था। चार भाई बहनों में दूसरे नंबर का जितेंद्र रोजमर्रा की मजदूरी करता था।रविवार की शाम मुरादाबाद में पाकबड़ा के रहने वाले अपने ममेरे भाई पुष्पेंद्र के साथ पाकबड़ा से मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक संभल रोड स्थित कपासी पुलिस चौकी के नजदीक पहुंची तभी, सामने से आ रही अमरोहा नंबर हुंडई कार के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार हवा में उछल गए और दूर जाकर गिरे। हादसे में जितेंद्र और उसका ममेरा भाई पुष्पेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों भाइयों को जोया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल पुष्पेंद्र को मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।ें मृतक के भाई जितेश की तहरीर पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## धार्मिक पर्यटन स्थल को लीलौर झील का विकास किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियो जिला अधिकारी ने दिए निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यमशर्मा

बरेली - जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मा0 मुख्यमंत्री जी के आदेशों के क्रम मैं आंवला स्थित लीलौर झील के पुनरोद्धार व उसे पर्यटन स्थल के रुप में विकसित किये जाने हेतु गठित कमेटी के अधिकारियो के साथ कलेक्ट्रेट सभागार मैं बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी नें कहा कि पॉण्डव और यक्ष संवाद की साक्षी महाभारत कालीन लीलौर झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की अपार सम्भावनाएँ हैं। यहाँ भारी संख्या में प्रवासी पक्षी भी आते हैं। जो इसके आकर्षण को बढ़ाते है। बैठक मैं उपजिलाधिकारी आंवला को निर्देश दिये कि लीलौर झील के पुनरोद्धार हेतु जो भी कार्य मनरेगा से कराया जाना है उसका स्टीमेट तैयार करा लिया जाये। सड़के आदि सही करायी जाये और जहां इण्टरलाकिंग आदि टूट गयी है उसे शीघ्र सही कराया जाये । संबंधित ग्रामो के प्रधानों को यह निर्देश दे दिये जाये कि क्षेत्र के आस पास साफ सफाई हेतु लोगों को जागरूक किया जाये, गंदा पानी लीलौर झील में ना जाने पाए, गंदे पनो की निकासी के लिए नाले को ठीक करवाए तथा उसकी निरन्तर साफ सफाई करवाए। बैठक में उन्होंने कहा कि यह मा. मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि नदियों/झील को पुनर्जीवित किया जाये। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये कि उन्होंने कहा कि हमारा यही प्रयास है कि इसे पौराणिक स्थल के रुप में बनाया जाए। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि झील मैं टयूबबेल लगाए जाने हेतु उचित स्थान का चयन कर टयूबबेल लगवाया जाए। वन विभाग को निर्देश दिये गए कि झील के किनारे पेड़ पौधे आदि लगाकर उसका सौन्दर्य बढ़ाने का कार्य किया जाये। उन्होने में उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी कार्य किया जाये उसकी गुणवत्ता उचित रखी जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, उप जिलाधिकारी आंवला नहने राम सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे ।




## कांवड़ यात्रा के रास्तों पर बंद रहेंगी मीट की दुकानें डीएम ने कहा कोई भी नई परंपरा न पड़े

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यमशर्मा

